सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 22.11.2024

हत्या का प्रयास करने वाले 01 हिस्ट्रीशीटर (H.S NO- 26B) अभियुक्त सहित कुल 02 वाँछित अभियुक्तों को 02 अवैध तमंचो सहित इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर के कुशल नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 23.09.2024 को वादी भानुप्रताप सिंह पुत्र नेत्रपाल सिंह निवासी ग्राम कैस्त थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा द्वारा थाना जसवन्तनगर पर तहरीरी सूचना दी गयी कि जब वह कचौरा रोड जा रहा था इसी दौरान मनीष रजावत उर्फ शम्भू व विजय प्रताप उर्फ छोटू आदि 15-20 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटर साइकिल से आकर वादी के साथ गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से हवाई फायरिंग की गयी। सूचना पर तत्काल थाना **जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 203/2024 धारा 191(2)/352/351(2)/351(3)/288 बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 21.11.2024 को थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा बिलासपुर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि **मु0अ0सं0 203/2024** से सम्बन्धित 02 अभियुक्त अवैध असलाह के साथ नहर पुल चौराहे की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते **हुये 02 अभियुक्तों को नहर पुल चौराहे से समय 23.01 बजे** गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्तों की पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 02 अवैध तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये जिनके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 23.09.2024 को उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर इन्हीं तमन्चों से कचौरा बाईपास से रेलवे अण्डर पास जाने वाले रास्ते पर फायरिंग की थी।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जसवन्तनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 203/2024 धारा 191(2)/352/351(2)/351(3)/288 बीएनएस में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. मनीष रजावत उर्फ शम्भू पुत्र वेदपाल सिंह निवासी नगला छन्द थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा **उम्र 21 वर्ष।**
2. **(H.S NO- 26B)** विजय प्रताप उर्फ छोटू पुत्र महेन्द्र प्रताप निवासी नगला छन्द थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा **उम्र 22 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 203/2024 धारा 191(2)/352/351(2)/351(3)/288 बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 02 तमन्चा 315 बोर
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त विजय प्रतात उर्फ छोटू (H.S NO- 26B)

1. मु0अ0सं0 545/2021 धारा 307 भादवि थाना जसवन्तनगगर जनपद इटावा
2. मु0अ0सं0- 05/2022 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगगर जनपद इटावा
3. मु0अ0सं0 251/2022 धारा 147/148/149/307/506 भादवि थाना जसवन्तनगगर जनपद इटावा
4. मु0अ0सं0 426/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
5. मु0अ0सं0 19/2024 धारा 354/352/504/506 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
6. मु0अ0स0146/2024 धारा 115(2)/352/351(2) बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
7. मु0अ0सं0-203/2024 धारा-191(2)/352/351(2)/351(3)/288/109 बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

अभियुक्त मनीष रजावत उर्फ शम्भू

1. मु0अ0सं0 251/2022 धारा 147/148/149/307/506 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
2. मु0अ0सं0 426/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
3. मु0अ0सं0 05/2022 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
4. मु0अ0सं0 545/2021 धारा 307 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
5. मु0अ0सं0 19/2024 धारा 352/354/504/506 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
6. मु0अ0स0 146/2024 धारा 115(2)/352/351(2) बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
7. मु0अ0सं0-203/2024 धारा-191(2)/352/351(2)/351(3)/288/109 बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

पुलिस टीमः- श्री नागेन्द्र चौबे क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर, निरीक्षक श्री रमेश सिंह, उ0नि0 राजकुमार, का0 शुभम पवार, का0 शीशपाल, का0 अंकुश कुमार।